10 जुलाई, 2017

**विश्व मामलों की भारतीय परिषद**
**सप्रू हाउस, बरखम्बा रोड**
**नई दिल्ली**

# उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) से अलगाव या उसमें बदलाव?
# पर
# विशेष रिपोर्ट

डॉ [*] अरुंधती शर्मा.

**सार**

*इस लेख में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा नाफ्टा पर पुन: समझौता वार्ता करने के निर्णय के मद्देनजर, तीन सदस्य देशों-अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको पर इस समझौते के आर्थिक प्रभाव का आकलन किया गया है । इसमें वर्ष 1994 में इस समझौते के लागू होने के समय से निर्यात, आयात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और रोजगार सृजन पर डेटा सेट का विश्लेषण किया गया है । इस लेख में उपलब्ध डेटा के आधार पर इस बात पर भी चर्चा की गई है कि नाफ्टा जितना अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है उतना ही मेक्सिको और कनाडा के लिए भी है और नाफ्टा ने निर्यात, आयात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में सुधार करने एवं रोजगार सृजन तथा एक सुव्यवस्थित क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।*

## परिचय

जनवरी 1994 में तीन देशों-संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के बीच हुए उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता(नाफ्टा) के तेईस साल बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने इसका अवलंब लिया है और इस व्यापार समझौते पर या तो पुन: वार्ता करने या बेहतर समझौता न होने की स्थिति में इससे अलग होने की घोषणा की है।[1] इस आशय से राष्ट्रपति ट्रंप इस व्यापार समझौते से अलग होने की घोषणा करते हुए दिनांक 29 अप्रैल 2017 को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने वाले थे । लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने मैक्सिको के राष्ट्रपति एनरिक पेना नीटो और कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ बातचीत करने और व्यवसाय समर्थक वर्ग द्वारा हस्तक्षेप किए जाने के बाद कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के तीन दिन पूर्व अपने निर्णय

पर पुनर्विचार किया ।[2] अमेरिका का अलग होना अधिसूचित करते हुए कार्यकारी आदेश के प्रारूप में यह अभिनिर्धारित किया गया कि अमेरिका से "धन का बड़े पैमाने पर हस्तांतरण", व्यापार समझौते के तहत वादा किए गए 200,000 नई नौकरियों के मुकाबले लगभग 700,000 नौकरियों का नुकसान, मैक्सिको के साथ व्यापार में 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का संचयी व्यापार घाटा और कनाडा द्वारा अमेरिकी डेयरी और लकड़ी उद्योग के शोषण के लिए नाफ्टा जिम्मेदार है ।[3] आखिरकार 18 मई, 2017 को, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने पुनर्विचारित निर्णय के बारे में कांग्रेस को सूचित किया जो नाफ्टा से फिर से बातचीत करने की योजना बना रहे थे।[4]

इस समझौते पर अमेरिकी राष्ट्रपति के असंगत नीतिगत रुख से खफा नाफ्टा के भविष्य की अनिश्चितता के इर्दगिर्द घूमती बहस के आलोक में-, इस लेख में निर्यात,आयात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और रोजगार सृजन के डेटा सेट के विश्लेषण के आधार पर नाफ्टा के आर्थिक प्रभावों का आकलन करने का प्रयास किया गया है। इस लेख में इस बात पर भी चर्चा की गई है कि नाफ्टा जितना अमेरिका के लिए महत्वपूर्ण है उतना ही मेक्सिको और कनाडा के लिए भी है और इसने तीन नाफ्टा देशों के बीच व्यापार, निवेश और रोजगार बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाई है तथा एक सुव्यवस्थित क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण किया है।

इस लेख को पांच भागों में बांटा गया है। भाग I में नाफ्टा की उत्पत्ति का पता लगाकर उसका विहंगावलोकन किया गया है। भाग II में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव अभियान के समय से व्यापार समझौते पर उनके रुख सहित नाफ्टा पर बहस की छान-बीन की गई है तथा पुन: वार्ता के उद्देश्यों पर बल दिया गया है। भाग III में राष्ट्रपति ट्रम्प के के निर्णय पर कनाडा और मैक्सिको की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करके पुन: वार्ता की प्रक्रिया में तीनों देशों की स्थिति का आकलन किया गया है । भाग IV में नाफ्टा की स्थापना के बाद से निर्यात, आयात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)और रोजगार सृजन पर डेटा सेट का विश्लेषण करके समझौते के आर्थिक प्रभावों का आकलन किया गया है। भाग V में पिछले खण्डों में किए गए विश्लेषण के आधार पर समापन टिप्पणियां की गई हैं ।

## I

## नाफ्टा वार्ताएक ऐतिहासिक अवलोकन :

उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (नाफ्टा) की उत्पत्ति 1980 के दशक में हुई जब राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अपने चुनाव अभियान के दौरान उत्तर अमेरिकी सामान्य बाजार की कल्पना की थी।[5] उत्तर-अमेरिकी आर्थिक एकीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति में प्रमुख सफलता वर्ष 1989 में कनाडा-संयुक्त राज्य अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता (सीयूएसएफटीए) लागू करना था।[6] एक

साल बाद, जून 1990 में, मैक्सिकन राष्ट्रपति कार्लोस सलिनास डी गोर्टारी और अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना की घोषणा की और 1991 में कनाडा उसमें औपचारिक रूप से शामिल हुआ। दिनांक 17 दिसंबर, 1992 को, तीनों देशों ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसपर 20 नवंबर, 1993 को अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी मिली। इसके बाद, 8 दिसंबर, 1993 को राष्ट्रपति विलियम जे. क्लिंटन द्वारा नाफ्टा कार्यान्वयन अधिनियम पर हस्ताक्षर किए गए और वह कानून बन गया तथा अंतत: नाफ्टा 1 जनवरी, 1994.से प्रवृत्त हुआ ।[7]

अमेरिका के लिए नाफ्टा पर बातचीत करने का मुख्य तर्क जितना आर्थिक था उतना ही राजनीतिक भी था। आर्थिक रूप से, इससे अमेरिका को, विशेष रूप से दक्षिण में, अपने निर्यात बाजार का विस्तार करने का अवसर मिला और राजनीतिक रूप से इससे मैक्सिको के साथ द्विपक्षीय तनावों को हल करने के लिए मंच मिला। इसके अतिरिक्त, इससे राजनीतिक बहुलवाद को बढ़ावा देने और मेक्सिको में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को गहरा करने का रास्ता भी मिला, और साथ ही साथ विश्व व्यापार संगठन की वार्ता के उरुग्वे दौर को तेज करने में सुविधा हुई। नाफ्टा में शामिल होने से मेक्सिको को 1980 के दशक के मध्य में एक बड़े ऋण संकट के कारण उत्पन्न आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और अमेरिकी बाजार तक सुरक्षित पहुंच का साधन मिला। कनाडा को इस वार्ता में शामिल होने का मुख्य तर्क अमेरिका-मैक्सिको मुक्त व्यापार समझौते से उत्पन्न जोखिम को कम करना और अमेरिका से नई वाणिज्यिक रियायत प्राप्त करना था।[8]

नाफ्टा की बातचीत विवादों से परे नहीं थी।वस्तुत:, वार्ता के पहली बार प्रस्तावित किए जाने के समय से ही इसके बारे में अमेरिका में राजनीतिक बहस छिड़ गई थी।[9] आज ही की तरह, बहस मुख्य रूप से 'अमेरिका में नौकरियों के सृजन' में समझौते की प्रभावशीलता से संबंधित था ।[10] जहाँ एक ओर समर्थकों को समझौते से नौकरी की संभावनाएं दिखीं, वहीं दूसरी ओर विरोधियों का विचार था कि समझौते से "अमेरिकी पूंजी का एक बड़ा भाग और नौकरियाँ मेक्सिको चली जाएंगी और अमेरिका की संप्रभुता को भी खतरा होगा।"[11] इसके अनुसमर्थन के बाद भी राजनीतिक बहस चलती रही और समझौते के लाभ के बारे में अलग-अलग राय बनी रही ।

फिर भी, इसके प्रवृत्त होने पर, नाफ्टा दो तरीकों से अद्वितीय हो गया। प्रथमत:, इस समझौते से दुनिया के एक सबसे बड़े मुक्त व्यापार ग्रुप का सृजन हुआ, जो 360 मिलियन की आबादी और $ 6 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व कर रहा था । दस वर्षों की अवधि में

नाफ्टा 430 मिलियन की आबादी के लिए 12.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया। द्वितीयत:, यह समझौता उस समय क्षेत्रीय व्यापार साझेदारों के साथ किया गया सबसे व्यापक ऐसा समझौता था जो पहले कभी नहीं किया गया था तथा किसी विकासशील देश (मैक्सिको) और दो विकसित देशों (अमेरिका और कनाडा) के बीच पारस्परिक आधार पर किया गया पहला समझौता था।[12]

नाफ्टा का मुख्य उद्देश्य 15 वर्षों की अवधि में सीमा पार से निवेश एवं तीन देशों के बीच माल तथा सेवाओं की आवाजाही में शेष अधिकाँश बाधाओं को क्रमिक रूप से दूर करना था ।[13] चित्र 1 यह दर्शाता है कि इसके प्रवृत्त होने के समय कई प्रावधान लागू किए गए और कुछ अन्य प्रावधानों पर 2008 तक बातचीत चलती रही। नाफ्टा द्वारा पहले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किया गया जिसमें व्यापार एवं सेवा क्षेत्र में टैरिफ,निवेश,बौद्धिक संपदा अधिकार और विवाद निपटान प्रक्रिया के अलावा श्रम और पर्यावरणीय प्रावधान शामिल थे।[14] नाफ्टा के प्रारूप में छह उद्देश्य शामिल थे :[15]

क. पक्षकारों के क्षेत्र के बीच माल और सेवाओं की सीमा पार आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराना और व्यापार में बाधाओं को खत्म करना;

ख. मुक्त व्यापार क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थितियों को बढ़ावा देना;


ग. पक्षकारों के क्षेत्र में निवेश के अवसर में वृद्धि करना;

घ. प्रत्येक पक्षकार के क्षेत्र में बौद्धिक संपदा अधिकारों का पर्याप्त और प्रभावी संरक्षण और प्रवर्तन उपलब्ध कराना ;

ङ इस समझौते के कार्यान्वयन और उपयोजन, इसके संयुक्त क्रियान्वयन और विवादों के समाधान के लिए प्रभावी प्रक्रिया तैयार करना ; तथा

च. इस समझौते के लाभ का विस्तार करने और बढ़ाने के लिए आगे के त्रिपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग के लिए रूपरेखा तैयार करना।

**चित्र 1-**




स्रोत: http://www.css.ethz.ch/content/dam/ethz/special-interest/gess/cis/center-for-securities-studies/resources/docs/CFR-NAFTA%27s%20Economic%20Impact.pdf

## II

**नाफ्टा पर पुनप्रवृत्ति और उद्देश्य : वार्ता :**

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, तीन उत्तर अमेरिकी पड़ोसियों के बीच मुक्त व्यापार समझौते का विचार अमेरिका में व्यापक बहस में चर्चा का विषय बना रहा। इस खंड में, अमेरिका में वर्ष 1992 से राष्ट्रपति के विभिन्न चुनाव अभियानों में बयान के आधार पर नाफ्टा पर बहस का विश्लेषण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नाफ्टा समझौते पर फिर से बातचीत पर बल दिए जाने वाले तर्क को समझना है जो कालांतर में फिर से उभरा है।

तालिका 1 से यह स्पष्ट है कि शुरू से ही नाफ्टा पर बहस अमेरिका में राष्ट्रपति के अभियानों का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। नाफ्टा पर इन सभी बहसों में ज्यादातर श्रम और पर्यावरणीय प्रभाव पर बल दिया जाता रहा है। दिलचस्प बात यह है कि यद्यपि 1992 से नाफ्टा पर पुन: वार्ता की बहस अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव अभियानों का एक प्रमुख तत्व बना

हुआ है, फिर भी यह पहली बार है कि नाफ्टा पर फिर से बातचीत करने की प्रक्रिया को आरंभ करने की बात किसी ऐसे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्वारा द्वारा कही जा रही है जो राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद चुनाव -पूर्व किए गए वादे को पूरा करने के रूप में कह रहा है। अब तक, नाफ्टा पर फिर से बातचीत नहीं की गई थी क्योंकि राष्ट्रपति का पद संभालने वाला उम्मीदवार या तो सामान्य रूप से मुक्त व्यापार और विशेष रूप से नाफ्टा का समर्थक होता था, या पद संभालने के बाद निर्वाचित उम्मीदवार की स्थिति में उलटफेर हो जाता था। उदाहरण के लिए, 2008 के राष्ट्रपति चुनावी अभियान में, राष्ट्रपति ओबामा ने नाफ्टा पर पुन: बातचीत करने का वादा किया था। हालांकि, उन्होंने 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर अपने फैसलों को पलट दिया। उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है और दुनिया भर में व्यापार सिकुड़ रहा है ... इससे पहले कि हम आगे व्यापार समझौता पर लंबी चर्चा करें, हम शायद आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था को और अधिक स्थिर करना चाहते हैं, ।"16 राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में नाफ्टा पर सबसे अधिक दुविधाजनक स्थिति हिलेरी क्लिंटन की थी - वे कभी इसके पक्ष में और कभी विपक्ष में रहे।

सबसे हालिया अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनावी अभियान 2016 में, नाफ्टा के मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया। रिपब्लिकन उम्मीदवार, डोनाल्ड ट्रम्प ने नाफ्टा को "कभी भी कहीं भी लेकिन निश्चित रूप से इस देश में कभी नहीं हस्ताक्षरित सबसे बुरा व्यापार सौदा" कहा।[17] उन्होंने अमेरिकी व्यापार घाटे और नौकरियों के नुकसान के लिए इस समझौते को जिम्मेदार ठहराया। अपने चुनावी अभियान के वादों को ध्यान में रखते हुए, ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में घोषणा की कि वे नाफ्टा, आप्रवासन और सीमा सुरक्षा पर पुन: बातचीत शुरू करने जा रहे हैं।

**तालिका .1नाफ्टा पर राजनीतिक चर्चा का इतिहास**

| वर्ष | नाफ्टा पर बयान |
|---|---|
| 1992 राष्ट्रपति का चुनावी अभियान | ***बिल क्लिंटन*** *ने उत्तर अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते का समर्थन किया, लेकिन यह भी कहा कि राष्ट्रपति के रूप में वह इसके वर्तमान स्वरूप में इस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे और स्वीकार्य व्यापार समझौते में ऐसे प्रावधान शामिल होने चाहिए, जो मैक्सिको में पर्यावरण और श्रमिक-सुरक्षा मानकों को कठोर बनाता हो।*[18] |
| | ***रॉस पेरोट:*** *"हमें विदेश में नौकरी सृजन बंद करना पड़ा है ... आप में से उन लोगों के लिए जो व्यापारी लोग हैं, बहुत सरल हैं: यदि आप अपने कारखाने के श्रमिकों को $ 12, $13, $14 एक घंटे के लिए भुगतान कर रहे हैं तो आप अपनी फैक्ट्री* |

*दक्षिण सीमावर्ती क्षेत्र में ले जाएं, वहाँ श्रमिकों को प्रति घंटे श्रम के लिए एक अमेरिकी डॉलर का भुगतान करें, युवा श्रमिकों को काम पर रखें - मान लें कि आप लंबे समय से व्यवसाय में हैं और आपको एक परिपक्व कार्य बल मिला है - किसी श्रमिक को एक घंटे के काम के लिए एक अमेरिकी डॉलर का भुगतान करें , उन्हें स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध न कराएं - किसी कार को बनाने में सबसे अधिक खर्च इसी पर करना पड़ता है - वहां पर्यावरण नियंत्रण की कोई चिंता नहीं होगी, प्रदूषण नियंत्रण की कोई चिंता नहीं होगी, कोई सेवानिवृत्ति नहीं होगी, एवं आपको धन उपार्जन करने के सिवाय और कोई चिंता नहीं होगी तथा दक्षिण की ओर जाने से लाभ ही लाभ होगा।*[19]

| | |
|---|---|
| **2000 राष्ट्रपति का चुनावी अभियान** | ***जॉर्ज डब्ल्यू बुश*** *:"हमारे भविष्य को लैटिन अमेरिका के भविष्य से अलग नहीं किया जा सकता है।" "यदि मैं राष्ट्रपति बन गया तो मैं दक्षिण की ओर अनुबोध के रूप में नहीं नहीं, बल्कि मौलिक प्रतिबद्धता के रूप में देखूंगा।"*[20] |
| **2008 राष्ट्रपति का चुनावी अभियान** | ***बराक ओबामा:*** *"मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि हम पुन: समझौता करें और " यह भी सुनिश्चित करूंगा कि वास्तव में प्रवर्तित करने लायक श्रम और पर्यावरण मानक स्थिर किया जाता है।"* |
| | ***हिलेरी क्लिंटन:*** *"यदि पुन: समझौता वार्ता नहीं होती है तो हम नाफ्टा से निकल जाएंगे, और हम उन्हीं शर्तों पर समझौता वार्ता करेंगे जो पूरे अमेरिका के हित में हो " "और हम मूल श्रम एवं पर्यावरण मानकों पर पुन: समझौता वार्ता करेंगे । नाफ्टा पर 14 वर्ष पहले समझौता वार्ता हुई थी,*[21] *और हिलेरी का मानना है कि वह अपने वादों पर खरा नहीं उतरा है।"*[22] |
| **20 16 राष्ट्रपति का चुनावी अभियान** | **डोनाल्ड ट्रम्प**:<br>*.1"मैं नाफ्टा पर पुन: समझौता वार्ता करूंगा । यदि मैं बढ़िया समझौता नहीं कर सका तो हम उससे निकल जाएंगे । हम इस अर्थव्यवस्था को फिर ठीक करने जा रहे हैं"; "हम नाफ्टा, आप्रवासन और सीमा सुरक्षा पर फिर से समझौता वार्ता शुरू करने जा रहे हैं"*[23] *(22 जनवरी, 2017, शपथ ग्रहण समारोह).*<br>*2. "यदि मैं संयुक्त राज्य अमेरिका यानी अपने श्रमिकों एवं कंपनियों के लिए* |

*संतोषजनक समझौता करने में असमर्थ रहा, तो मैं नाफ्टा को समाप्त कर दूंगा" (अप्रैल, 2017)* [24]

*चुनाव: पूर्व-*

*1 "नाफ्टा पर बिल क्लिंटन ने हस्ताक्षर किए थे। नाफ्टा एक तबाही, हमारे देश के लिए पूर्ण तबाही है। "*

*2.. "मैक्सिको वासी यही चाहते हैं, और मेरे लिए यह अच्छा नहीं है";*

*3. "45 प्रतिशत, 50 प्रतिशत विनिर्माण बंद हो गया है" - इसके लिए नाफ्टा जिम्मेदार है।[25] (मई 2016)*

***हिलेरी क्लिंटन:*** *"... व्यापार एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बेशक, हमारी आबादी दुनिया की आबादी का 5 प्रतिशत हैं; हमें अन्य 95 प्रतिशत के साथ व्यापार करना होगा। और हमें स्मार्ट, निष्पक्ष व्यापार समझौता करना है।" "हम किए गए व्यापार समझौते को लागू करने जा रहे हैं, और हम लोगों को उत्तरदायी बनाने जा रहे हैं।" "तथ्य यह है कि मुझे उम्मीद थी कि यह [नाफ्टा] एक अच्छा समझौता होगा। लेकिन जब यह समझौता किया गया है, जिसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूँ , तो मेरा यह निष्कर्ष है कि यह अच्छा समझौता नहीं है।"*

स्रोतविभिन्न स्रोतों से लेखक द्वारा संकलित :

**III**

**पुन तीन :समझौता वार्ता की प्रक्रिया :'साझेदारों' को प्रस्ताव**

दिनांक 18 मई, 2017 को, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कांग्रेस को सूचित किया कि वे आधुनिक मानकों के आधार पर कई प्रावधानों को उन्नत करने के लिए नाफ्टा साझेदारों के साथ बातचीत शुरू करने की योजना बना रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चूँकि नाफ्टा समझौता 25 वर्ष पहले किया गया था, अत:अब उसमें बदली हुई स्थिति के अनुरूप परिवर्तन करना होगा । राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने पत्र में इस बात पर बल दिया कि अपने उत्तर-अमेरिकी पड़ोसियों के साथ पुन: वार्ता करने का उद्देश्य अमेरिका में उच्च भुगतान वाली नौकरियों का समर्थन करना और अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार करने के लिए समझौते में उसके लिए अवसर उत्पन्न करना होगा । पत्र का मूल उद्देश्य नाफ्टा में बौद्धिक संपदा अधिकारों, नियामक प्रथाओं, राष्ट्र के स्वामित्व वाले उद्यमों, सेवाओं, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, सेनेटरी और फाइटोसैनेटिक उपायों, डिजिटल व्यापार, श्रम और पर्यावरण मानकों, तथा छोटे और मंझोले प्रावधानों को शामिल करके उसे नवीकृत करना है।[26] हालांकि, मार्च में प्रसारित पहले मसौदा पत्र की तुलना में, इस पत्र में

फिर से समझौता वार्ता किए जाने के प्रावधान कम विस्तृत थे, और इसमें फिर से समझौता वार्ता करने के लिए केवल सामान्य क्षेत्रों का संदर्भ दिया गया था।

नाफ्टा पर पुन: समझौता वार्ता प्रारंभ करने के लिए मार्च 2017 के पिछले मसौदा पत्र में यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि अमेरिका अपने व्यापार सहभागियों के साथ द्विपक्षीय आधार पर बातचीत करने का इरादा रखता है। कनाडा और मैक्सिको के साथ लगातार व्यापार घाटे को उजागर करते हुए, मसौदा पत्र में उन शर्तों का विस्तार से उल्लेख किया गया था, जिन पर नाफ्टा पर फिर से बातचीत करनी थी। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, ऐसे माल पर टैरिफ लगाना शामिल था जिनका आयात नाफ्टा देशों से किए जाने से घरेलु उद्योग को गंभीर खतरा होता हो या होने वाला हो तथा ऐसे मूल नियमों को समायोजित करना था जो अमेरिका में उत्पादन एवं नौकरियों को प्रोत्साहन देता हो ।[27]

**कनाडा और मेक्सिको द्विपक्षीय के बजाय त्रिपक्षीय वार्ता के लिए सहमत :**

कनाडा और मैक्सिको दोनों ने पुन: समझौता वार्ता के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, परंतु आक्रामक मुद्रा से परहेज करते हुए, संकेत दिया है कि वे द्विपक्षीय के बजाय त्रिपक्षीय वार्ता के लिए प्रतिबद्ध हैं।[28] इस दिशा में मार्च 2017 में कनाडा के व्यापार मंत्री फ्रैंकोइस-फिलिप शैम्पेन ने कहा, "... वार्ता, जब भी हो,त्रिपक्षीय होनी चाहिए I मेरे लिए, यह काफी स्पष्ट है। नाफ्टा तीन देशों का समझौता है। इसलिए तीन देशों के समझौते पर पुनर्समझौता वार्ता त्रिपक्षीय आधार पर होनी चाहिए” फिर से बातचीत के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू करने के बाद, कनाडा और मैक्सिको ने सावधानीपूर्वक बयान जारी किए।[29] कनाडा के विदेश मामलों के मंत्री, क्रिसटिया फ्रीलैंड ने कहा, "हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहाँ हमें यह निर्धारित करने का अवसर है कि कैसे हम नाफ्टा को सबसे अच्छी तरह नई वास्तविकताओं के अनुकूल बनाएं - और उसमें व्यापार एवं निवेश के लिए प्रगतिशील, स्वतंत्र और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाएं।“ मैक्सिकन सरकार ने कहा, “मैक्सिकन सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका की घरेलू प्रक्रिया में नाफ्टा को आधुनिक बनाने के इस महत्वपूर्ण कदम का स्वागत करती है। हम 21 वीं सदी की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए समझौते को अद्यतित करने की अपनी इच्छा की पुष्टि करते हैं। हमारे देश को व्यापार और आर्थिक संबंधों को विनियमित करने के लिए आधुनिक साधन की जरूरत हैं।[30] बहरहाल, कनाडा और मैक्सिको दोनों ने व्यापार में विविधता लाने और अमेरिकी बाजार पर अपनी निर्भरता कम करने का संकल्प लिया है। मेक्सिको, दक्षिण अमेरिका की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं, ब्राजील और अर्जेंटीना को अपना संभावित व्यापारिक साझेदार मान रहा है। "[31]


**नाफ्टा के आर्थिक प्रभाव का आकलन**

नाफ्टा के संस्थापन के बाद के वर्षों में, कई अध्ययन द्वारा व्यापार और व्यापार संबंधी समझौते के आर्थिक लाभ का आकलन किया गया है। कुछ अध्ययन द्वारा यह तर्क दिया गया है कि नाफ्टा का सकारात्मक प्रभाव हुआ है;[32] जबकि अन्य का तर्क है कि नाफ्टा का अमेरिकी नौकरी के परिदृश्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।[33] इस खंड में, निर्यात, आयात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और रोजगार सृजन के संदर्भ में व्यापार की प्रवृत्ति का विश्लेषण करके नाफ्टा के आर्थिक प्रभाव का आकलन किया गया है।

**नाफ्टा साझेदारों के बीच व्यापार की प्रवृत्ति**


तीन देशों के बीच त्रिपक्षीय व्यापार वर्ष 2011 में $ 1 ट्रिलियन तक पहुंच गया। वर्ष 1993 के बाद से, कनाडा या गैर-नाफ्टा देशों के साथ व्यापार की तुलना में मैक्सिको के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा।[34] वर्ष 2014 में अमेरिका का व्यापार अपने नाफ्टा साझेदारों- कनाडा और मैक्सिको -के साथ लगभग चौगुना होकर $ 1.3 ट्रिलियन तक पहुँच गया । वर्ष 2014 में, दोनों देशों ने अमेरिका द्वारा निर्यात की जाने वाली एक तिहाई से अधिक वाणिज्य वस्तु की (2014 में $ 553 बिलियन या कुल निर्यात माल का 34 प्रतिशत) खरीद की ।[35] नाफ्टा के साझेदारों द्वारा प्रतिदिन अमेरिका के साथ कुल $ 3.6 बिलियन से अधिक का व्यापार किया गया । कनाडा और मैक्सिको दुनिया में अमेरिकी निर्यात के लिए दो सबसे बड़े बाजार हैं।36 वर्ष 2016 में कनाडा, अमेरिकी निर्यात ($ 226.8 बिलियन) के लिए अग्रणी बाजार था और मेक्सिको दूसरे स्थान ($ 231 बिलियन) पर था।[37] चित्र 2 से यह पता चलता है कि नाफ्टा साझेदारों के साथ अमेरिका के कुल व्यापार (माल) में तेजी से वृद्धि हुई है। तथापि चूंकि अमेरिका द्वारा किया जाने वाला आयात उसके निर्यात से अधिक है, इसलिए व्यापार संतुलन नकारात्मक है। जहाँ तक आयात का संबंध है, वर्ष 2016 में दो नाफ्टा साझेदारों से अमेरिका द्वारा किया जाने वाला आयात कुल आयात का 26 प्रतिशत था।[38] अमेरिका और नाफ्टा साझेदारों के बीच दुतरफा व्यापार में वर्ष 1993-2012 तक 279 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि विश्व के शेष देशों के साथ व्यापार में 260 प्रतिशत की वृद्धि हुई।[39] दूसरी ओर, समझौते के लागू होने के बाद से अमेरिका का अपने नाफ्टा साझेदारों के साथ सेवाओं के व्यापार के क्षेत्र में माल के व्यापार के विपरीत सकारात्मक व्यापार संतुलन रहा । इससे निर्दिष्ट होता है कि सेवा क्षेत्र में इन दोनों देशों से किए जाने वाले आयात की तुलना में निर्यात अधिक है। (चित्र 3)

**चित्र .2नाफ्टा सदस्यों के साथ अमेरिकी वाणिज्य वस्तु का व्यापार )$ बिलियन में(**




स्रोतअमेरिकी संगणना ब्यूरो :

**चित्र .3नाफ्टा साझेदारों के साथ अमेरिका के सेवाओं का व्यापार**




स्रोतआर्थिक विश्लेषण ब्यूरो :

### अमेरिका कनाडा व्यापार की प्रवृत्ति-


वर्ष 2016 में, अमेरिका-कनाडा कुल व्यापार (माल और सेवा) $ 630 बिलियन था। निर्यात $ 323.2 बिलियन और आयात $ 307.1 बिलियन रहा। कनाडा के साथ वस्तुओं और सेवाओं दोनों के संदर्भ में अमेरिकी व्यापार अधिशेष $13.4 बिलियन था। $544.9 बिलियन के दुतरफा व्यापार के साथ, वर्ष 2016 में कनाडा माल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। वर्ष

2016 में, अमेरिका को माल में $ 11.2 बिलियन का व्यापार घाटा हुआ था। लेकिन, कनाडा के साथ सेवा व्यापार अधिशेष $ 24.6 बिलियन था।[40]

**माल का व्यापार**

चित्र 4 से पता चलता है कि नाफ्टा समझौते के प्रारंभ से अमेरिका-कनाडा के माल का व्यापार (निर्यात और आयात दोनों) दोगुना से अधिक हो गया है। अमेरिका से कनाडा को किया जाने वाला निर्यात वर्ष 1993 में $ 100.4 बिलियन था जो वर्ष 2016 में बढ़कर $ 266.8 बिलियन हो गया। अमेरिका से किया जाने वाला आयात भी वर्ष 1993 में $111.2 बिलियन था जो वर्ष 2016 में बढ़कर $ 278.1 बिलियन हो गया। वर्ष 2015 में, अमेरिका द्वारा कनाडा को किया जाने वाला निर्यात अमेरिका द्वारा किए जाने वाले कुल निर्यात का 18.3 प्रतिशत था और कनाडा, अमेरिका के लिए माल आयात का तीसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था।[41]

**चित्र 4 .**





स्रोतअमेरिकी संगणना ब्यूरो :

**सेवा क्षेत्र का व्यापार**

वर्ष 2016 में अमेरिका-कनाडा के सेवा क्षेत्र का व्यापार (निर्यात और आयात) $83.8 बिलियन था। सेवा क्षेत्र का निर्यात $ 54.2 बिलियन और आयात $ 29.6 बिलियन था। वर्ष 2016 में कनाडा के साथ अमेरिकी सेवा क्षेत्र का व्यापार अधिशेष $ 24.6 बिलियन था। चित्र 5 से पता चलता है कि अमेरिकी सेवा क्षेत्र का निर्यात वर्ष 1993 में $ 17 बिलियन था जो वर्ष 2016 में बढ़कर $ 54.2 बिलियन हो गया, और आयात वर्ष 1993 में $ 9.1 बिलियन था जो वर्ष

2016 में बढ़कर $ 29.6 बिलियन हो गया । चूँकि सेवा क्षेत्र का निर्यात, आयात से अधिक था, अत: अमेरिका का व्यापार अधिशेष भी $ 7.9 बिलियन से बढ़कर $ 24.6 बिलियन हो गया ।

**चित्र .5**




स्रोतआर्थिक विश्लेषण ब्यूरो :

**अमेरिका-मैक्सिको व्यापार की प्रवृत्ति**


वर्ष 2016 में अमेरिका-मैक्सिको माल और सेवा क्षेत्र का व्यापार $ 579.8 बिलियन था। निर्यात $262.1 बिलियन और आयात $ 317.7 बिलियन था। वर्ष 2016 में मैक्सिको के साथ अमेरिकी और सेवा क्षेत्र का व्यापार घाटा $ 55.6 बिलियन था। वर्ष 2016 के दौरान कुल $ 525.2 बिलियन के (दुतरफा)माल व्यापार के साथ, मैक्सिको वर्ष 2016 में तीसरा सबसे बड़ा माल व्यापार साझेदार था। जहाँ एक ओर वर्ष 2016 में मैक्सिको के साथ अमेरिकी माल का व्यापार घाटा $ 63.2 बिलियन था, वहीं दूसरी ओर वर्ष 2016 में, मैक्सिको के साथ अमेरिकी सेवा क्षेत्र का व्यापार अधिशेष $ 7.6 बिलियन था।[42]

**माल का व्यापार**

चित्र-6 से पता चलता है कि नाफ्टा समझौते के बाद से अमेरिका-मेक्सिको माल के व्यापार (निर्यात और आयात दोनों) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वर्ष 1993 में अमेरिका द्वारा मैक्सिको को किया जाने वाला निर्यात $ 41.6 बिलियन था जो वर्ष 2016 में पाँच गुना से अधिक बढ़कर $ 231.0 बिलियन हो गया। इसके साथ ही, अमेरिकी आयात भी वर्ष 1993 में $ 39.9

बिलियन  था जो वर्ष 2016 में  लगभग  सात गुना  बढ़कर $ 294.2 बिलियन हो गया । वर्ष 2016 में मैक्सिको, अमेरिका के माल निर्यात का दूसरा सबसे बड़ा बाजार एवं अमेरिका के माल आयात का आपूर्तिकर्ता था । वर्ष 2015 में, अमेरिका द्वारा मेक्सिको को किया जाने वाला निर्यात कुल अमेरिकी निर्यात का 15.9 प्रतिशत और कुल अमेरिकी आयात का 13.4 प्रतिशत था ।[43] मैक्सिको  निर्यात बाजार के रूप में अमेरिका पर  अत्यधिक निर्भर है और वर्ष 2016 में अमेरिका को किया जाने वाला इसका कुल वाणिज्य वस्तु का निर्यात लगभग 80% रहा ।[44]

**चित्र .6**





स्रोतअमेरिकी संगणना ब्यूरो :

**सेवा क्षेत्र का  व्यापार**

चित्र 6क से पता चलता है कि 2016 में अमेरिका-मैक्सिको के सेवा क्षेत्र का व्यापार (निर्यात और आयात) $ 54.6 बिलियन था। सेवा क्षेत्र का निर्यात $ 31.1 बिलियन और आयात $ 23.5 बिलियन था। वर्ष 2016 में मैक्सिको के साथ अमेरिकी सेवा क्षेत्र का व्यापार अधिशेष $ 7.6 बिलियन था। वर्ष 1993 में अमेरिकी सेवा क्षेत्र का निर्यात $ 10.4 बिलियन था जो बढ़कर 2016 में $ 31.1 बिलियन हो गया,जबकि सेवा क्षेत्र का आयात 1993 में  $ 7.4 बिलियन था जो बढ़कर 2016 में $ 23.5 बिलियन हो गया।

**चित्र .क6**





स्रोत: आर्थिक विश्लेषण ब्यूरो

**कनाडा मेक्सिको व्यापार की प्रवृत्ति-**

कनाडा और मैक्सिको के बीच द्विपक्षीय व्यापार, अमेरिका के साथ इन दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार की तुलना में कम है। कनाडा-मैक्सिको के बीच द्विपक्षीय व्यापार, यद्यपि तुलनात्मक रूप से नगण्य है, तथापि इसमें नाफ्टा के सृजन के बाद से लगभग नौ गुना वृद्धि हुई है। अमेरिका और चीन के बाद मेक्सिको, कनाडा का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है,जो कनाडा के बाजार का 4.4 प्रतिशत है।[45]

**चित्र-7**


**कनाडा के मुख्य व्यापारिक साझेदार**




स्रोत: मैक्सिको-कनाडा व्यापार रिपोर्ट2016, अर्थव्यवस्था सचिवालय, मैक्सिको

जहाँ तक निर्यात का संबंध है,कनाडा का निर्यात बाजार मेक्सिको वां सबसे बड़ा 4 था जिसको वर्ष  में किया गया निर्यात 2016, कुल निर्यात का प्रतिशत था। जहाँ तक आयात का संबंध 2.5 है, कनाडा का  5.5 वां सबसे बड़ा साझेदार मेक्सिको है जो कनाडा के कुल आयात बाजार के 3 प्रतिशत का प्रतिनिहि‍ित्व करता है ।[46]

**चित्र क7**





स्रोत: मैक्सिको-कनाडा व्यापार रिपोर्ट2016, अर्थव्यवस्था सचिवालय, मैक्सिको

**माल का  व्यापार**

कनाडा-मेक्सिको द्विपक्षीय वाणिज्य वस्तु व्यापार 1995 में $ 6.5 बिलियन का था, जो बढ़कर 2015 में $ 37.8 बिलियन का हो गया । वर्ष 2015 में निर्यात $ 6.6 बिलियन का था जिसमें वर्ष 2014 की तुलना में 18.6% की वृद्धि हुई और आयात $ 31.2 बिलियन का था  जिसमें वर्ष 2014 की तुलना में 8.2% की वृद्धि हुई। वर्ष 2015 में मेक्सिको के साथ कनाडा का व्यापार घाटा $ 24.6 बिलियन का था, जिसमें वर्ष 2014 की तुलना में $ 23.3 बिलियन की वृद्धि हुई ।[47]

**चित्र 7 खमैक्सिको वाणिज्य वस्तु का व्यापार-कनाडा :**





स्रोत: डायलन गौंस (2016)

**सेवा क्षेत्र का व्यापार**

कनाडा और मेक्सिको के बीच द्विपक्षीय सेवा क्षेत्र  का व्यापार भी 1994 में 0.64 बिलियन का था जो बढ़कर 2014 में $ 3.6 बिलियन का हो गया। वर्ष 2014 में, कुल निर्यात $1.0 बिलियन का था, जिसमें वर्ष 2013 की तुलना में  4.3% की वृद्धि हुई और कुल आयात $ 2.6 बिलियन का हो गया, जिसमें वर्ष 2013 की तुलना में 5.1% की वृद्धि हुई । वर्ष 2014 में मैक्सिको के साथ कनाडा का व्यापार घाटा $ 1.5 बिलियन था, जिसमें वर्ष 2013 की तुलना में $ 1.4 बिलियन की वृद्धि हुई ।[48]

**चित्र 7 गमैक्सिको सेवा क्षेत्र का व्यापार-कनाडा :**





स्रोत: डायलन गौंस (2016)

**नाफ्टा साझेदारों के बीच उत्पाद का व्यापार**

चित्र 8 से पता चलता है कि नाफ्टा देशों को अमेरिका द्वारा निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पादों में मोटर वाहन के पुरजे, गैर-कच्चे तेल उत्पाद, मोटर वाहन, कार्यालय मशीनरी के पुरजे और माल के परिवहन के लिए मोटर वाहन शामिल हैं। आयात की प्रमुख मदों में मोटर वाहन, कच्चा पेट्रोलियम तेल, मोटर वाहन के पुरजे, माल के परिवहन के लिए मोटर वाहन और कंप्यूटर हार्डवेयर शामिल हैं। चित्र 8क से पता चलता है कि कनाडा-मैक्सिको द्विपक्षीय व्यापार में सबसे अधिक मूल्यवान निर्यात उत्पादों में प्लास्टिक के सामान, लोहा और इस्पात, तिलहन, मशीनरी और उपकरण एवं मोटर वाहन शामिल हैं। कनाडा और मैक्सिको के बीच परम मूल्यवान आयात उत्पादों में विशेष उपकरण, फर्नीचर, मशीनरी और उपकरण, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, एवं मोटर वाहन शामिल हैं। (चित्र 8 ख)


**चित्र 8: अमेरिका का नाफ्टा साझेदारों के साथ उत्पाद का व्यापार**




स्रोत: डायलन गौंस (2016)

**चित्र 8 क. कनाडा-मेक्सिको का उत्पाद व्यापार (निर्यात)**


**अत्यंत उच्च मूल्य के उत्पाद का निर्यात**




स्रोत: एम. एंजेलिस विलेरियल एंड इयान एफ. फर्ग्युसन, 2017

**चित्र 8 ख.  कनाडा-मेक्सिको का उत्पाद व्यापार (आयात)**

**अत्यंत उच्च मूल्य के उत्पाद का आयात**




स्रोत: डायलन गौंस (2016)

**अमेरिकी निर्यात और आयात में विदेशी और घरेलू मूल्यवर्धन**

वर्ष 2011 में अमेरिकी निर्यात में विदेशी मूल्यवर्धन 15 प्रतिशत था, जबकि अमेरिका के सकल निर्यात में घरेलू मूल्यवर्धन  85 प्रतिशत था।[49] संयुक्त राज्य अमेरिका आयातित माल पर सबसे अधिक मूल्यवर्धन (10 प्रतिशत) करता है जो संसार में सबसे अधिक है । दिलचस्प बात यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किए गए मूल्यवर्धन की विदेश से होने वाली वापसी अधिकतर क्षेत्रीय उत्तरी अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं से होती है। अमेरिका द्वारा कनाडा से किए जाने वाले आयात के एक-चौथाई हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा ही मूल्यवर्धन किया  जाता है, और अमेरिका द्वारा मेक्सिको से किए जाने वाले आयात के 40 प्रतिशत में अमेरिका द्वारा ही मूल्यवर्धन किया जाता है। अमेरिका द्वारा मूल्यवर्धित माल की विदेश से वापसी का तीन चौथाई इन दो नाफ्टा साझेदारों द्वारा की जाती है।[50] अमेरिका द्वारा मूल्यवर्धित माल की कनाडा और मैक्सिको से होने वाली वापसी के 96 प्रतिशत से अधिक का निर्यात सीधे उन देशों को किया गया था, अत: इस मूल्यवर्धन में तीसरे देश की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत काफी कम है ।

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और नाफ्टा**

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) संयुक्त राज्य अमेरिका और नाफ्टा के साझेदारों-कनाडा और मैक्सिको के बीच आर्थिक संबंध का एक अभिन्न अंग रहा है। इसके लागू होने के बाद से दोनों देशों में अमेरिकी एफडीआई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमेरिकी एफडीआई का हिस्सा कनाडा और मैक्सिको दोनों में सबसे अधिक है, लेकिन नाफ्टा साझेदारों के एफडीआई की हिस्सेदारी अमेरिका में कम है,और मेक्सिको का बहुत कम है।


***अमेरिका -कनाडा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति***

चित्र 9 से यह पता चलता है कि वर्ष 1993 से अमेरिका और कनाडा के बीच दुतरफा निवेश में वृद्धि हो रही है। कनाडा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत अमेरिका है जो 2015 में $352.9 बिलियन हो गया और जिसमें वर्ष 1993 के कुल $69.9 बिलियन के स्टॉक की तुलना में पाँच गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2015 में कनाडा के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा ठिकाना अमेरिका था और वहाँ कनाडा का कुल स्टॉक उस समय $268.9 बिलियन था जो वर्ष 1993 में $40.3 बिलियन के स्टॉक से अधिक था । अमेरिका का कनाडा में निवेश वैश्विक स्तर पर उसके कुल स्टॉक का 49.9 प्रतिशत था और कनाडा का अमेरिका में निवेश उसके कुल वैश्विक स्टॉक का 42.2 प्रतिशत था ।

**चित्र .9**

**अमेरिका-कनाडा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति**

**1993-2015 ($मिलियन में)**




स्रोत: आर्थिक विश्लेषण ब्यूरो


**अमेरिका-मैक्सिको प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति**

चित्र 9क से पता चलता है कि मैक्सिको में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत संयुक्त राज्य अमेरिका है। अमेरिकी एफडीआई का स्टॉक 1993 में $15.2 बिलियन था, जो बढ़कर 2015 में $92.8 बिलियन हो गया, और वर्ष 2012 में $104.3 बिलियन का अधिकतम एफडीआई स्टॉक था। इसके बाद, अमेरिकी एफडीआई का स्टॉक कम होकर $86.4 बिलियन रह गया और अगले दो वर्षों में धीमी गति से बढ़ा। इस तरह की गिरावट का कारण 2008 का वैश्विक आर्थिक संकट हो सकता है या मैक्सिको में हिंसा में हुई वृद्धि हो सकती है ।[52] यद्यपि मैक्सिको में अमेरिकी निवेश की तुलना में अमेरिका में मैक्सिको का एफडीआई काफी कम है, तथापि नाफ्टा के सृजन के बाद इसमें वृद्धि हुई और यह 2015 में $16.5 बिलियन तक पहुंच गया ।

**चित्र 9क**

**अमेरिका-मैक्सिको प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति**

**1993-2015($मिलियन में)**




स्रोत: आर्थिक विश्लेषण ब्यूरो

**कनाडा-मेक्सिको प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति**


चित्र 9ख से यह पता चलता है कि कनाडा में मेक्सिको के निवेश की तुलना में कनाडा का मैक्सिको में निवेश का हिस्सा अधिक है। वर्ष 1995 से मेक्सिको में कनाडा के निवेश में उर्ध्वगामी प्रवृत्ति दिखाई दे रही है ।

कनाडा के एफडीआई का स्टॉक 1995 में $0.95 बिलियन था जो बढ़कर वर्ष 2015 में $14.8 बिलियन हो गया। यद्यपि, कनाडा में मेक्सिको का निवेश 1998 में $0.12 बिलियन से बढ़कर 2015 में $1.4 बिलियन हो गया है, तथापि यह वृद्धि नगण्य है।

**चित्र 9ख अमेरिका-मैक्सिको प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का स्टॉक**

**($बिलियन)**




स्रोत: डायलन गौंस (2016)

### 'विनिर्माण' नौकरियों में नाफ्टा की भूमिका


नाफ्टा पर फिर से बातचीत के लिए, अमेरिकी प्रशासन द्वारा बताए गए आधारों में से एक, खासकर विनिर्माण क्षेत्र में,उन नौकरियों को वापस लाना है जो नाफ्टा के कारण लुप्त हो गई हैं। इस खंड में, अमेरिका द्वारा अपने नाफ्टा साझेदारों के साथ व्यापार के आधार पर अमेरिका में रोजगार सृजन का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। नाफ्टा द्वारा सृजित नौकरियों की संख्या पर अधिकांश अध्ययनों में किए गए अनुमान व्यापक रूप से भिन्न हैं लेकिन इन अध्ययनों द्वारा इस बात पर सहमति हुई है कि नाफ्टा रोजगार सृजन में प्रभावी रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रशासन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, वर्ष की 2015-2009 अवधि में, अमेरिका के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियों की कुल संख्या (माल और सेवा दोनों)

मिलियन बढ़ी 1.9 लगभग, जिसमें चीन को निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियों में सबसे अधिक वृद्धि हुई और उसके बाद मैक्सिको, कनाडा, कोरिया और ब्राजील का नंबर आता है। वर्ष 2015 में, अमेरिका में नौकरियों में सबसे अधिक वृद्धि कनाडा को किए गए निर्यात से हुई 1.6) मिलियन 1.2) और उसके बाद मेक्सिको(मिलियन नौकरियां(; चीन 910),(000; यूनाइटेड किंगडम 665),(000; और जापान 606), (000का नंबर आता है। इस प्रकार, नाफ्टा ने वर्ष मिलियन नौकरियां जुटाने में योगदान दिया। 2.8 युक्तमें अमेरिका के लिए सं 2015

**चित्र 10**

चित्र 10 : शीर्ष 15 गंतव्य, वर्ष 2015 में कुल निर्यात(अमेरिकी माल एवं सेवा) द्वारा समर्थित नौकरियाँ




स्रोत: रेस्मसेन एंड एक्सयू,2016

विल्सन सेंटर, मेक्सिको इंस्टीट्यूट द्वारा वर्ष 2017 में किए गए एक अध्ययन द्वारा यह भी अनुमान लगाया गया है कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको के बीच व्यापार बंद हो गया, तो 4.9 मिलियन अमेरिकी बेरोजगार हो जाएंगे। वर्ष 2011 में इसी संस्थान द्वारा किए गए एक अन्य अध्ययन द्वारा अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2008 में अमेरिका-मेक्सिको व्यापार से 6 मिलियन नौकरियों का सृजन हुआ। इसका अर्थ है कि हर चौबीस अमेरिकी श्रमिकों में से एक की नौकरी का बरकरार रहना मेक्सिको के साथ किए जाने वाले व्यापार पर निर्भर है। वर्ष 2010 में अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा किए गए एक अन्य अध्ययन के अनुसार,

नाफ्टा के साथ व्यापार वर्ष 2008 में 14 एफटीए से जुड़े शुद्ध रोजगार लाभ के 92 प्रतिशत, यानी लगभग 5 मिलियन नौकरियों का प्रतिनिधित्व करता है ।

**अमेरिकी माल के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियां**

वर्ष 2015 में, दुनिया में अमेरिकी माल के निर्यात से सृजित 6.7 मिलियन नौकरियों में से देशवार किए गए निर्यात से सृजित नौकरियों की स्थिति इस प्रकार है - सबसे अधिक कनाडा (1.2 मिलियन), उसके बाद मैक्सिको (968,000), चीन (601,000), जापान (323,000) और यूनाइटेड किंगडम (यूके) (238,000) (चित्र11)। माल के निर्यात द्वारा समर्थित हर तीन में से लगभग एक नौकरी के लिए नाफ्टा के साझेदारों का योगदान है।


**चित्र 11 : शीर्ष 15 गंतव्य, वर्ष 2015 में अमेरिकी माल के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियाँ**




स्रोत: रेस्मसेन एंड एक्सयू,2016

वर्ष 2009 से अमेरिका में समर्थित नौकरियों में सबसे बड़ी वृद्धि मेक्सिको को माल के निर्यात (296,000 नौकरियों का समर्थन, या कुल वृद्धि का एक तिहाई) से जुड़ी थी, इसके बाद चीन (184,000),कनाडा (110,000) और कोरिया (55,000) का स्थान रहा। (चित्र 12)

**चित्र 12 : वर्ष 2009-2015 में अमेरिकी माल के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियों में सबसे अधिक वृद्धि**





स्रोत: रेस्मसेन एंड एक्सयू,2016

**अमेरिका के सेवा क्षेत्र के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियाँ**

जहाँ तक अमेरिकी सेवा क्षेत्र के निर्यात का प्रश्न है, यूनाइटेड किंगडम ने वर्ष 2015 में सबसे अधिक 427,000 नौकरियों का समर्थन किया, इसके बाद कनाडा (360,000), चीन (309,000), जापान (283,000), आयरलैंड (268,000) और मैक्सिको (201,000) का स्थान है। (चित्र13)


**चित्र 13 : 15 शीर्ष गंतव्य, वर्ष 2015 में अमेरिकी सेवा क्षेत्र के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियाँ**




स्रोत: रेस्मसेन एंड एक्सयू, 2016

जैसा कि चित्र 14 से पता चलता है, वर्ष 2009-2015 में कनाडा और मैक्सिको ने क्रमश: 37,000 और 30, 000 अमेरिकी नौकरियों का समर्थन किया और वे क्रमशः 9 और 11 वें स्थान पर रहे। (चित्र 14)

**चित्र 14 : वर्ष 2009-2015 में अमेरिकी सेवा क्षेत्र के निर्यात द्वारा समर्थित नौकरियाँ में भारी वृद्धि**




स्रोत: रेस्मसेन एंड एक्सयू, 2016

**निवेश द्वारा समर्थित नौकरियाँ**

जैसा कि चित्र 9 से स्पष्ट है, संयुक्त राज्य अमेरिका में मैक्सिको का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2007 के बाद से लगभग दोगुना हो गया है। अनुमान है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में मैक्सिको के निवेश द्वारा समर्थित व्यवसायों में 123,000 से अधिक नौकरियां हैं, जो सभी पचास राज्यों को प्रभावित करती हैं और जिसमें निर्माण उद्योग और खनन से लेकर टेलीविजन और वित्तीय सेवाओं तक विविध उद्योगों का समूह शामिल है।[57] वर्ष 1990 से 2009 तक, मेक्सिको में अमेरिकी कंपनियों के संचालन में रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप मेक्सिको में लगभग 131 नौकरियां सृजित हुईं यानी संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रति एमएनसी रोजगार में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और संयुक्त राज्य अमेरिका से निर्यात में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई । तदनुसार, औसत अमेरिकी फर्म के लिए, मेक्सिको में 131 नौकरियाँ सृजित करने से उसी फर्म में संयुक्त राज्य अमेरिका में 333 नई नौकरियाँ सृजित हुईं।[58]

**विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां**

श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अमेरिकी निर्माताओं ने वर्ष 1994 में नाफ्टा के लागू होने के बाद 16.8 मिलियन श्रमिकों को रोजगार दिया है। यह वर्ष 1998 में बढ़कर 17.8 मिलियन हो गया, और फिर इसमें ह्रास होना शुरू हुआ तथा 2010 में यह 11.4 मिलियन रह गया। रोजगार में यह कमी क्रमशः वर्ष 2001-02 और 2007-09 के दौरान अमेरिका में आई मंदी के कारण हुई । इसके बाद, वर्ष 2016 के मध्य तक विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि हुई और यह 12.3 मिलियन तक पहुंच गया।59 उल्लेखनीय है कि कनाडा और मेक्सिको ने वर्ष 2014 में $487 बिलियन के अमेरिका में निर्मित माल की खरीद की, जो विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत 12.3 मिलियन अमेरिकियों द्वारा उत्पादित कुल निर्यात का 34.7 प्रतिशत था। इसका अर्थ यह है कि अमेरिका में प्रत्येक कारखाने के श्रमिक के लिए नाफ्टा ने लगभग $ 40,000 का निर्यात राजस्व उत्पन्न किया। वर्ष 2008-2014 के बीच, अमेरिका ने विनिर्मित माल में अपने दो नाफ्टा साझेदारों के साथ $ 79 बिलियन से अधिक का संचयी व्यापार अधिशेष अर्जित किया। वर्ष 2016 में,अमेरिका में विनिर्मित माल का प्रतिशत, विनिर्मित माल के कुल व्यापार का 28.69 प्रतिशत था। अमेरिका द्वारा कनाडा और मेक्सिको को निर्यात किया गया कुल विनिर्मित माल $ 445 बिलियन का था,[60] जो विनिर्मित माल के कुल निर्यात का 35.2 प्रतिशत था। सामान्य तौर पर,अमेरिका में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में गतिरोध आया । हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका के विनिर्माण क्षेत्रों में राष्ट्रीय विनिर्माण उत्पादन में बड़ी गिरावट के साथ-साथ रोजगार और आय में व्यवधान का कारण 2007-09 की मंदी को माना जाता है। इसके अलावा,

विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 88 प्रतिशत नौकरियों की कमी का कारण तकनीकी प्रगति के चलते उत्पादकता में हुई वृद्धि को माना जाता है। इसका अर्थ यह  है कि, एक ओर जहाँ प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के कारण विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादकता के लिए  प्रेरणा मिली है, वहीं दूसरी ओर इससे नौकरियों में कमी आई है।[61]

V

**समापन टिप्पणियों**

अब तक की चर्चा से, विशेष रूप से अमेरिका के मामले में निर्यात, आयात, निवेश और रोजगार सृजन के संबंध में तीन नाफ्टा देशों के बीच काफी निर्भरता का पता लगा है।आर्थिक निर्भरता का यह उच्च स्तर नाफ्टा के कारण सृजित दृढ़ युग्मित आपूर्ति श्रृंखलाओं द्वारा संचालित है। नाफ्टा के तहत व्यापार और उत्पादन एकीकरण में निरंतर निवेश प्रवाह हुआ है, जो अन्यथा उभरती हुई ऎसी अर्थव्यवस्थाओं के लिए फिर से निर्देशित किया जा सकता है,जहां पूंजी पर सीमांत प्रतिफल उच्च है। उपर्युक्त विश्लेषण की सामान्य प्रवृत्ति निम्नानुसार हैं:

i. समग्र रूप से अमेरिका का अपने नाफ्टा साझेदारों के साथ व्यापार घाटा हुआ ।  (माल) तथापि, अमेरिका को अपने दो नाफ्टा साझेदारों के साथ सेवा क्षेत्र के व्यापार के मामले में उत्तरोतर लाभ हुआ और उसने व्यापार अधिशेष अर्जित किया ।

ii. अमेरिकी निर्यात के लिए दुनिया में कनाडा और मैक्सिको दो सबसे बड़े बाजार हैं। वर्ष 2016 में अमेरिकी निर्यात के लिए कनाडा अग्रणी बाजार था,जिसके साथ अमेरिका  का निर्यात $ 226.8 बिलियन तक पहुँच गया। इसके बाद मेक्सिको का नंबर आता है जिसके साथ अमेरिका का निर्यात $231 बिलियन तक पहुँच गया ।

iii. वर्ष 2016 में, अमेरिका (माल और सेवा) कनाडा का कुल व्यापार-$ 630 बिलियन का था। निर्यात $323.2 बिलियन और आयात $ 307.1 बिलियन का रहा। अमेरिका का कनाडा के साथ माल और सेवा दोनों के लिए व्यापार अधिशेष $ 13.4 बिलियन था।

iv. वर्ष 2016 में अमेरिका मेक्सिको माल और सेवा व्यापार-$ 579.8 बिलियन का था। निर्यात कुल $ 262.1 बिलियन और  आयात $ 317.7 बिलियन का था। वर्ष 2016 में मेक्सिको के साथ अमेरिकी माल और सेवा क्षेत्र का व्यापार घाटा $ 55.6 बिलियन का था।

v. कनाडा-मैक्सिको द्विपक्षीय वाणिज्य वस्तु का व्यापार 1995 में $6.5 बिलियन का था जो बढ़कर 2015 में $37.8 बिलियन का हो गया। वर्ष 2015 में मेक्सिको के साथ कनाडा का व्यापार घाटा (माल में ) $ 24.6 बिलियन था जिसमे वर्ष 2014 के $ 23.3 बिलियन की तुलना में वृद्धि हुई । कनाडा और मैक्सिको के बीच सेवा क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 1994 में$ 0.64 बिलियन का था जो बढ़कर वर्ष 2014 में $ 3.6 बिलियन का हो गया । वर्ष 2014 में कनाडा का मैक्सिको के साथ व्यापार घाटा (सेवा क्षेत्र में) $ 1.5 बिलियन था, जिसमें 2013 के $ 1.4 बिलियन की तुलना में वृद्धि हुई।

vi. मूल्य-वृद्धि के विश्लेषण से पता चलता है कि अमेरिका के सकल निर्यात में घरेलू मूल्यवर्धन 85 प्रतिशत था। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किए गए निर्मित माल के आयात में स्वयं उसके द्वारा किए गए मूल्यवर्धन का प्रतिशत काफी अधिक (10.0 प्रतिशत)था । अमेरिका द्वारा कनाडा से किए जाने वाले आयात के एक-चौथाई हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा ही मूल्यवर्धन किया जाता है, और अमेरिका द्वारा मेक्सिको से किए जाने वाले आयात के 40 प्रतिशत में अमेरिका द्वारा ही मूल्यवर्धन किया जाता है।अमेरिका द्वारा मूल्यवर्धित माल की विदेश से वापसी का तीन चौथाई इन दो नाफ्टा साझेदारों द्वारा की जाती है। अमेरिका द्वारा मूल्यवर्धित माल की कनाडा और मैक्सिको से होने वाली वापसी के 96 प्रतिशत से अधिक का निर्यात सीधे उन देशों को किया गया था, अत: इस मूल्यवर्धन में तीसरे देश की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत काफी कम है ।

vii. जहाँ तक एफडीआई का संबंध है, नाफ्टा के लागू होने के बाद से दोनों देशों में अमेरिका के एफडीआई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमेरिकी एफडीआई का हिस्सा कनाडा (2015 में $ 352.9 बिलियन) और मेक्सिको (2015 में $ 92.8 बिलियन) दोनों में सबसे अधिक है। लेकिन नाफ्टा साझेदारों से अमेरिका में एफडीआई की हिस्सेदारी कम है, और मेक्सिको का बहुत कम (2015 में $ 16.5 बिलियन) है।

viii. जहां तक कनाडा-मेक्सिको एफडीआई का संबंध है, कनाडा का मेक्सिको में निवेश का हिस्सा कनाडा में मेक्सिको के निवेश से अधिक है। कनाडा के एफडीआई का स्टॉक 1995 में $ 0.95 बिलियन था जो बढ़कर 2015 में $14.8 बिलियन हो गया। हालांकि, कनाडा में मेक्सिको का निवेश 1998 में $ 0.12 बिलियन था जो बढ़कर 2015 में $1.4 बिलियन हो गया,परंतु यह वृद्धि नगण्य है।

ix. जहाँ तक रोजगार सृजन का प्रश्न है, अमेरिका की लाखों नौकरियां कनाडा और मैक्सिको के साथ व्यापार और निवेश पर निर्भर करती हैं। इस लेख में किए गए विभिन्न अध्ययन के विश्लेषण से पता चलता है कि नाफ्टा भागीदारों के साथ व्यापार द्वारा सृजित नौकरियों की संख्या के बारे में अलग-अलग अनुमान हैं, लेकिन इस अध्ययन से इस बात की पुष्टि होती है कि नाफ्टा से अमेरिका में रोजगार सृजन में मदद मिली है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन डेटा का अनुमान है कि नाफ्टा ने वर्ष 2015 में अमेरिका के लिए संयुक्त 2.8 मिलियन नौकरियों के सृजन में योगदान किया था। वर्ष 2010 में अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा नौकरियों के सृजन पर किए गए अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2008 में नाफ्टा व्यापार 14 एफटीए के साथ जुड़े शुद्ध रोजगार प्राप्ति के 92 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें लगभग 5 मिलियन नौकरियां शामिल थीं।

x. जहां तक विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों का सवाल है, विश्लेषण से यह पता चलता है कि नाफ्टा साझेदारों के साथ व्यापार से अमेरिकी विनिर्माताओं को नौकरियों का नुकसान होने के बजाय लाभ हुआ है। वस्तुत: नौकरियों में कमी का कारण नाफ्टा से व्यापार करना नहीं, बल्कि 2007-09 में आर्थिक संकट होना और साथ ही प्रौद्योगिकीय उन्नति से उत्पादकता में वृद्धि होना है। उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2016 में निर्मित माल नाफ्टा के साथ कुल अमेरिकी व्यापार का 28.69 प्रतिशत था और इस क्षेत्र में रोजगार 12.3 मिलियन था। इससे अमेरिका में कारखाने के प्रत्येक कर्मचारी के लिए लगभग $ 40,000 का निर्यात राजस्व उत्पन्न करने की सुविधा मिली।

xi. कुल मिलाकर, विश्लेषण से पता चलता है कि नाफ्टा के तहत माल, सेवा और निवेश के क्षेत्र में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको आर्थिक रूप से अविभाज्य हैं। इसके अलावा, तीन नाफ्टा देशों के बीच, विशेष रूप से विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन की क्षेत्रीय प्रणाली का निर्माण करते हुए, उन्हें अपने तुलनात्मक लाभ का उपयोग करने में समर्थ बनाते हुए और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की उनकी क्षमता बढ़ाते हुए, व्यापार, निवेश और रोजगार बढ़ाने में नाफ्टा की प्रभावी भूमिका रही है।

इस तरह के गहरे आर्थिक संबंधों को देखते हुए, अमेरिका को अकेले नाफ्टा से अलग होने से बहुत कुछ खोना पडेगा । नाफ्टा ने तीन सदस्यों के बीच, विशेष रूप से उन्हें एक साथ जोड़कर, आपूर्ति श्रृंखला के जरिए वर्षों से व्यापार और निवेश में वृद्धि की है। अमेरिका के अकेले अलग होने से इस स्थापित उत्पादन श्रृंखला में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है तथा नौकरियों में और कमी हो सकती है। उदाहरण के लिए, और जैसा कि पहले उल्लेख किया

गया है, यह अनुमान है कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका और मेक्सिको के बीच व्यापार बंद हो गया, तो 4.9 मिलियन अमेरिकी बेरोजगार हो जाएंगे। इस बीच, नाफ्टा पर फिर से बातचीत करने के निर्णय से यह परिलक्षित होता है कि अमेरिका के लिए नाफ्टा से अलग होना पसंदीदा विकल्प नहीं है। बल्कि,आधुनिक मानकों के आधार पर 'पुनरुद्धार' पुन: बातचीत की प्रक्रिया की प्राथमिकता है। हालाँकि, 90 दिनों की कांग्रेस की नोटिस अवधि के दौरान और उसके बाद बातचीत की प्रगति पर नाफ्टा का भविष्य निर्भर करेगा।

*****

** डॉ.अरुंधती शर्मा भारतीय वैश्विक कार्य परिषद, सप्रू हाउस, नई दिल्ली में शोध अध्येता हैं।*

*खंडन: व्यक्त किए गए विचार शोधकर्ता के हैं, परिषद् के नहीं।*

**Endnotes:**

---

1 Javier E. David, "Trump says he'll kill NAFTA if he's not able to renegotiate a better deal", CNBC News, April 30, 2017. *http://www.cnbc.com/2017/04/30/trump-says-hell-kill-nafta-if-hes-not-able-to-renegotiate-a-better-deal.html* (accessed on May 02, 2017)

2 Shawn Donnan, "Draft NAFTA order signals tougher stance on trade partners, The Financial Times, April 29, 2017. *https://www.ft.com/content/db5ca62e-2c56-11e7-9ec8-168383da43b7* (accessed on May 02, 2017); *Jeff Mason and David Lawder* , "Trump says was 'psyched to terminate NAFTA' but reconsidered", Reuters, April 27, 2017. *http://www.reuters.com/article/us-usa-trade-nafta-idUSKBN17S2DG* (accessed on May 02, 2017)

3 Executive Order, "Notice of withdrawal from NAFTA", http://im.ft-static.com/content/images/19e3b522-2c57-11e7-9ec8-168383da43b7.img (accessed on May 02, 2017)

4 Julie Hirschfeld Davis, "Trump Sends Nafta Renegotiation Notice to Congress" The New York Times, May 18, 2017. https://www.nytimes.com/2017/05/18/us/politics/nafta-renegotiation-trump.html?mcubz=1&_r=0 (accessed on May 18, 2017)

5 Sara Fitzgerald, "The Effects of NAFTA on Exports, Jobs, and the Environment: Myth vs. Reality", The Heritage Foundation. http://www.heritage.org/trade/report/the-effects-nafta-exports-jobs-and-the-environment-myth-vs-reality (accessed on May 02, 2017)

6 The vision got an impetus with the passing of the Trade and Tariff Act by the Congress in 1984, allowing the President "fast-track" authority to negotiate free trade agreements, while allowing the Congress the ability to approve or disapprove, but not amend any provisions of the agreement. See, Ian F. Fergusson (2015), "Trade Promotion Authority (TPA) and the Role of Congress in Trade Policy", Congressional Research Service, Paper no. RL33743. https://fas.org/sgp/crs/misc/RL33743.pdf (accessed on May 04, 2017)

7 Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (2005), "Overview", in NAFTA Revisited: Achievements and Challenges, Washington D.C.: Institute for International Economics, p. 1; Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (1993), "Overview and Scorecard", in NAFTA: An Assessment, Washington D.C.: Institute for International Economics, p. 1; M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

8 Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (2005), "Overview", in NAFTA Revisited: Achievements and Challenges, Washington D.C.: Institute for International Economics, pp. 2-4.

9 For details of NAFTA negotiations see Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (2005), NAFTA Revisited: Achievements and Challenges, Washington D.C.: Institute for International Economics; Maxwell A. Cameron, Brian W. Tomlin (2000), The Making of NAFTA: How the Deal was Done?, Ithaca: Cornell University Press.

10 The negotiations on NAFTA became a leading issue in the 1992 US Presidential campaign with President George H. W. Bush becoming the most ardent advocate of the agreement and the utmost critics being Democratic rival Bill Clinton, Patrick Buchanan, Ralph Nader and Ross Perot. For details see, "THE 1992 CAMPAIGN; Transcript of 2d TV Debate Between Bush, Clinton and Perot", The New York Times, October 12, 1992, *http://www.nytimes.com/1992/10/16/us/the-1992-campaign-transcript-of-2d-tv-debate-between-bush-clinton-and-*

*perot.html?pagewanted=all* (accessed on May 15, 2017) and "THE 1992 CAMPAIGN: The Democrats; With Reservations, Clinton Endorses Free-Trade Pact", The New York Times, October 5, 1992, *http://www.nytimes.com/1992/10/05/us/1992-campaign-democrats-with-reservations-clinton-endorses-free-trade-pact.html?pagewanted=all* (accessed on May 15, 2017)

11 Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (2005), "Overview", in NAFTA Revisited: Achievements and Challenges, Washington D.C.: Institute for International Economics, pp. 5-8.

12 Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (2005), "Overview", in NAFTA Revisited: Achievements and Challenges, Washington D.C.: Institute for International Economics, p. 1; Gary Clyde Hufabauer and Jeffrey J. Schott (1993), "Overview and Scorecard", in NAFTA: An Assessment, Washington D.C.: Institute for International Economics, p. 1;

13 US Department of Commerce, https://www.commerce.gov/tags/north-american-free-trade-agreement-nafta (accessed on May 03, 2017)

14 M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

15 NAFTA Secretariat, Text of the North-American Free Trade Agreement, https://www.nafta-sec-alena.org/Home/Texts-of-the-Agreement/North-American-Free-Trade-Agreement?mvid=1&secid=5a1b5f25-8904-4553-bf16-fef94186749e (accessed on May 03 2017)

16 *"Obama says this is not the time to reopen NAFTA", Reuters, August 7, 2009, http://www.reuters.com/article/us-obama-nafta-sb-idUSTRE5765JY20090807* (accessed on June 16, 2017)

17 *Patrick Gillespie, "Trump hammers America's 'worst trade deal', CNN, September, 2016, http://money.cnn.com/2016/09/27/news/economy/donald-trump-nafta-hillary-clinton-debate/* (accessed on May 03 2017)

18 Gwen Ifill," THE 1992 CAMPAIGN: The Democrats; With Reservations, Clinton Endorses Free-Trade Pact", The New York Times, October 5, 1992. *http://www.nytimes.com/1992/10/05/us/1992-campaign-democrats-with-reservations-clinton-endorses-free-trade-pact.html?pagewanted=all&mcubz=1* (accessed on May 03 2017)

19 "THE 1992 CAMPAIGN; Transcript of 2d TV Debate Between Bush, Clinton and Perot", The New York Times, October 16, 1992. *http://www.nytimes.com/1992/10/16/us/the-1992-campaign-transcript-of-2d-tv-debate-between-bush-clinton-and-perot.html?pagewanted=all&mcubz=1* (accessed on May 03 2017)

20 *Frank Bruni, "The 2000 Campaign: The Texas Governor; Bush vows to put greater U.S. focus on Latin America", The New York Times, August 26, 2000. http://www.nytimes.com/2000/08/26/us/2000-campaign-texas-governor-bush-vows-put-greater-us-focus-latin-america.html* (accessed on June 16, 2017)

21 "The Democratic Debate in Cleveland", The New York Times, February 26, 2008, http://www.nytimes.com/2008/02/26/us/politics/26text-debate.html?mcubz=1 (accessed on May 03 2017) ; "Clinton, Obama threaten to withdraw from NAFTA", CBC News, February 27, 2008, http://www.cbc.ca/news/world/clinton-obama-threaten-to-withdraw-from-nafta-1.696071 (accessed on May 03 2017)

22 "Press Release - Hillary Clinton's Trade Agenda", February 19, 2008, http://www.presidency.ucsb.edu/ws/?pid=115948 (accessed on June 16, 2017)

23 Kristen Walker, "Trump to Sign Executive Order on Plan to Renegotiate NAFTA With Mexico, Canada", CNBC, January 23, 2017, *http://www.cnbc.com/2017/01/23/trump-to-sign-executive-order-to-renegotiate-nafta-and-intent-to-leave-tpp.html* (accessed on May 03 2017); *Ayesha Rascoe ,"* Trump to begin renegotiating NAFTA pact soon with Mexico, Canada", Reuters, January 22, 2017. *http://www.reuters.com/article/us-usa-trump-nafta-idUSKBN156128* (accessed on May 03 2017)

24 Shawn Donnan, Judde Weber and Anna Nicolaou, "Trump Renews US Threat to Withdraw from NAFTA", The Financial Times, April 27, 2017. https://www.ft.com/content/4f4c269e-2b68-11e7-9ec8-168383da43b7 (accessed on May 03 2017)

25 Glenn Kessler, "History lesson: More Republicans than Democrats supported NAFTA", The Washington Post, May 9, 2016. https://www.washingtonpost.com/news/fact-checker/wp/2016/05/09/history-lesson-more-republicans-than-democrats-supported-nafta/?utm_term=.4c2f71571225 (accessed on May 03 2017)

26 United States Trade Representative, Executive Office of the President, https://ustr.gov/sites/default/files/files/Press/Releases/NAFTA%20Notification.pdf (accessed on May 20, 2017)

27 See Draft letter available at https://home.kpmg.com/content/dam/kpmg/us/pdf/2017/03/tnf-draft-nafta-letter.pdf (accessed on May 20, 2017)

28 " Canada supports trilateral talks for re-negotiating", March 17, 2017, http://www.euronews.com/2017/03/17/canada-supports-trilateral-talks-for-renegotiating-nafta (accessed on June 20, 2017)

29 Government of Canada," Statement by Foreign Affairs Minister on NAFTA", https://www.canada.ca/en/global-affairs/news/2017/05/statement_by_foreignaffairsministeronnafta.html (accessed on June 20, 2017)

30 "Statement of the Government of Mexico on the United States' Notice of Intent regarding NAFTA", http://www.naftamexico.net/wp-content/uploads/2017/05/PressRelease006NAFTA.pdf (accessed on June 20, 2017)

31 Evan Dyer and Janyce McGregor ,"Mexico and Canada 'in this together' on NAFTA, amid Trump confusion", CBC news, April 30, 2017, *http://www.cbc.ca/news/politics/mexico-nafta-strategy-1.4090182* (accessed on June 20, 2017); and "Canadian foreign minister backs trilateral NAFTA talks", Reuters, May 23, 2017, *http://www.reuters.com/article/us-usa-trade-canada-idUSKBN18J2FK* (accessed on June 20, 2017).

32 See, International Trade Administration, Department of Commerce, "NAFTA" 20 Years Later", http://trade.gov/fta/nafta-at-20.pdf (May 4, 2017); US Chamber of Commerce, "NAFTA triumphant: Assessing the Two Decades Gains in Trade Growth and Jobs", https://www.uschamber.com/sites/default/files/documents/files/nafta_triumphant_updated_2015.pdf (accessed on May 02, 2017); M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

33 See, Robert. E. Schott (2011), "Heading South: U.S.-Mexico trade and job displacement after NAFTA", Economic Policy Institute, Briefing Paper No. 308, http://www.epi.org/publication/heading_south_u-s-mexico_trade_and_job_displacement_after_nafta1/ (accessed on May 16, 2017) ;Kevin P. Gallagher et al. (2009), "The Future of North American Trade Policy: Lessons from NAFTA", The Frederick S. Pardee Center for the Study of the Longer-Range Future, Boston University, http://www.bu.edu/pardee/files/2009/11/Pardee-Report-NAFTA.pdf (accessed on May 16, 2017)

34 M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

35 US Chamber of Commerce, "The Facts on NAFTA: Assessing Two Decades of Gains, Growth, and Jobs", https://www.uschamber.com/sites/default/files/the_facts_on_nafta_-_2017.pdf (May 17, 2017)

36 US Chamber of Commerce, "The Facts on NAFTA: Assessing Two Decades of Gains, Growth, and Jobs", https://www.uschamber.com/sites/default/files/the_facts_on_nafta_-_2017.pdf (May 17, 2017)

37 International Trade Administration, "US Trade Overview: 2016", http://trade.gov/mas/ian/build/groups/public/@tg_ian/documents/webcontent/tg_ian_005537.pdf (May 17, 2017)

38 M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

39 International Trade Administration, Department of Commerce, "NAFTA" 20 Years Later", http://trade.gov/fta/nafta-at-20.pdf (May 4, 2017)

40 Trade Statistics based on United States Trade Representative (USTR), US Census Bureau and Bureau of Economic Analysis.

41 United States Trade Representative (USTR), Executive Office of the President, "US-Canada Trade Facts", https://ustr.gov/countries-regions/americas/canada (accessed on May 17, 2017)

42 Trade Statistics based on United States Trade Representative (USTR), US Census Bureau and Bureau of Economic Analysis.

43 United States Trade Representative (USTR), Executive Office of the President, "US-Mexico Trade Facts", https://ustr.gov/countries-regions/americas/mexico (accessed on May 17, 2017)

44 M. Angeles Villarreal (2017), "U.S.-Mexico Economic relations: Trends, Issues, and Implications", Congressional Research Service, Paper No. RL32934, https://fas.org/sgp/crs/row/RL32934.pdf (accessed on May 02, 2017)

45 Secretariat of Economy, Mexico, "Mexico-Canada Trade Report 2016", http://naftamexico.net/can/Can_Dic16.pdf (accessed on June 22, 2017)

46 Secretariat of Economy, Mexico, "Mexico-Canada Trade Report 2016", http://naftamexico.net/can/Can_Dic16.pdf (accessed on June 22, 2017)

47 Dylan Gowans (2016), "Trade and Investment: Mexico-Canada", Library of Parliament, Resources and International Affairs Division, Parliamentary Information and Research Service, Publication No. 2016-58-E, https://lop.parl.ca/Content/LOP/ResearchPublications/2016-58-e.pdf (accessed on June 28, 2017)

48 Dylan Gowans (2016), "Trade and Investment: Mexico-Canada", Library of Parliament, Resources and International Affairs Division, Parliamentary Information and Research Service, Publication No. 2016-58-E, https://lop.parl.ca/Content/LOP/ResearchPublications/2016-58-e.pdf (accessed on June 28, 2017)

49 Statistics from OECD database available at https://data.oecd.org/trade/import-content-of-exports.htm#indicator-chart and https://data.oecd.org/trade/domestic-value-added-in-gross-exports.htm (accessed on May 22, 2017)

50 Robert Koopman, William Powers, Zhi Wang and Shang-Jin Wei (2011), "Give Credit Where Credit Is Due: Tracing Value Added In Global Production Chains", Hong King Institute of Monetary Research, Working Paper No. 31/2011. http://www.hkimr.org/uploads/publication/49/ub_full_0_2_297_wp-no-31_2011-final-.pdf (accessed on May 22, 2017)

51 M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

52 M. Angeles Villarreal and Ian F. Fergusson (2017), "The North American Free Trade Agreement (NAFTA)", Congressional Research Service, Paper No. R42965. https://fas.org/sgp/crs/row/R42965.pdf (accessed on May 02, 2017)

53Chris Rasmussen and Susan Xu (2016), "Jobs supported by Export Destination, 2015", US Department of Commerce, International Trade Administration, http://www.trade.gov/mas/ian/build/groups/public/@tg_ian/documents/webcontent/tg_ian_005508.pdf (accessed on May 17, 2017)

54 Christopher Wilson (2017),"GROWING TOGETHER: Economic Ties between the United States and Mexico ", Wilson Centre, Mexico Institute,

https://www.wilsoncenter.org/sites/default/files/growing_together_economic_ties_between_the_united_states_and_mexico.pdf ( accessed on May 23, 2017)

55 Christopher Wilson (2011),"WORKING TOGETHER: Economic Ties between the United States and Mexico ", Wilson Centre, Mexico Institute, https://www.wilsoncenter.org/sites/default/files/Working%20Together%20Full%20Document.pdf (accessed on May 17, 2017)

56 Laura M. Baughman and Joseph F. Francois (2010), "OPENING MARKETS, CREATING JOBS: Estimated U.S. Employment Effects of Trade with FTA Partners", US Chamber of Commerce, https://www.uschamber.com/sites/default/files/legacy/reports/100514_ftajobs_full_0.pdf (May 17, 2017)

57 Christopher Wilson (2017),"GROWING TOGETHER: Economic Ties between the United States and Mexico ", Wilson Centre, Mexico Institute, https://www.wilsoncenter.org/sites/default/files/growing_together_economic_ties_between_the_united_states_and_mexico.pdf ( accessed on May 23, 2017)

58 Theodore H. Moran and Lindsay Oldenski (2017)," How US Investments in Mexico Have Increased Investment 37 and Jobs at Home", in NAFTA 20 YEARS LATER, Peterson Institute for International Economics, PIIE Briefing No. 14-3, https://piie.com/publications/briefings/piieb14-3.pdf ( accessed on May 17, 2017)

59 US Chamber of Commerce, "The Facts on NAFTA: Assessing Two Decades of Gains, Growth, and Jobs", https://www.uschamber.com/sites/default/files/the_facts_on_nafta_-_2017.pdf ( accessed on May 17, 2017)

60 Data derived from http://www.trade.gov/mas/ian/build/groups/public/@tg_ian/documents/webcontent/tg_ian_003368.pdf ( accessed on May 17, 2017)

61 Michael J. Hicks and Srikant Devraj (2017), "The Myth and Reality of Manufacturing in America", Center for Business and Economic Research, Ball State University, http://conexus.cberdata.org/files/MfgReality.pdf (accessed on May 30, 2017); " The NAFTA Success Story", Scotiabank, Global Economics, Insights and Views, February 10, 2107, http://www.gbm.scotiabank.com/scpt/gbm/scotiaeconomics63/2017-02-10_I&V.pdf (accessed on May 30, 2017); US Chamber of Commerce, "The Facts on NAFTA: Assessing Two Decades of Gains, Growth, and Jobs", https://www.uschamber.com/sites/default/files/the_facts_on_nafta_-_2017.pdf ( accessed on May 17, 2017)

62 "The NAFTA Success Story", Scotiabank, Global Economics, Insights and Views, February 10, 2107, http://www.gbm.scotiabank.com/scpt/gbm/scotiaeconomics63/2017-02-10_I&V.pdf (accessed on May 30, 2017)